

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

### • बीजेडी ने खान और खनिज अधिनियम में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया



बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रमुख नवीन पटनायक ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम में 2026 में किए गए संशोधनों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है और संसद में इसके पारित होने को ओडिशा के लिए 'काला दिन' बताया है। अपनी पार्टी के राजनीतिक आक्रमण को तेज करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री ने ओडिशा के भाजपा सांसदों से क्षेत्रीय हितों को प्राथमिकता देने और संशोधित कानून को तत्काल वापस लेने के लिए दबाव बनाने का सीधा आह्वान किया है।

पटनायक ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधन राज्य की विशाल खनिज संपदा पर संवैधानिक अधिकार को व्यवस्थित रूप से कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि राजस्व बंटवारे और पट्टे संबंधी ढांचों में बदलाव से ओडिशा को भारी वित्तीय झटका लगेगा, जिससे राज्य के खजाने का वह हिस्सा खत्म हो जाएगा जो स्थानीय सामाजिक क्षेत्र के खर्च और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

इस आक्रामक रुख को अपनाकर बीजेडी ने केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ एक स्पष्ट मोर्चा खोल दिया है। पटनायक इस कानून को संघीय सरकार की मनमानी बता रहे हैं, जो संसाधन संपन्न राज्यों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करता है।

### • क्या योगी सरकार उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले मुफ्त उपहारों और कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करेगी?



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के नज़दीक आने के साथ ही, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रशासन महिला और विद्यार्थी मतदाताओं को एकजुट करने के लिए लक्षित कल्याणकारी योजनाओं और सब्सिडी की एक आक्रामक लहर चलाने की उम्मीद है। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि राज्य सरकार विपक्षी वादों को बेअसर करने और अन्य राज्यों में देखे गए प्रभावी कल्याणकारी मॉडलों को दोहराने के लिए महिलाओं के लिए ?50,000 तक की नकद सहायता की एक प्रमुख योजना शुरू कर सकती है, जिसे संभवतः चुनाव पूर्व और चुनाव पश्चात किस्तों में वितरित किया जाएगा। प्रत्यक्ष वित्तीय हस्तांतरण के अलावा, प्रशासन गतिशीलता और शैक्षिक प्रोत्साहनों को तेज़ गति से लागू करने और उनका विस्तार करने की संभावना है, जैसे कि रानी लक्ष्मीबाई योजना जिसके तहत शीर्ष महिला स्नातकों को मुफ्त पेट्रोल स्कूटर दिए जाते हैं, साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यापक डिजिटल उपकरण वितरण और मुफ्त परिवहन कार्यक्रम।

तत्काल आर्थिक राहत के साथ-साथ ब्याज मुक्त युवा उद्यम ऋण, प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग और त्वरित भर्ती अभियान को जोड़कर, सरकार का लक्ष्य इन आगामी घोषणाओं को केवल चुनाव पूर्व रियायतों के रूप में नहीं, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक अनिवार्य रोडमैप के रूप में प्रस्तुत करना है।

### • ग्रामीण विकास मंत्रालय कर्तव्य भवन में स्थानांतरित

ग्रामीण विकास मंत्रालय को कृषि भवन से कर्तव्य भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को खैबर बेल और नौरोज़ी नगर के बीच भागदौड़ करनी पड़ेगी।

### • जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक 12 सितंबर को

जीएसटी परिषद सचिवालय ने 12 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाली 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक के लिए ज्ञापन जारी किया है, जिसमें अधिकारियों की बैठक 11 सितंबर को निर्धारित है। यह सीबीआईसी-जीएसटी इकाइयों के लिए अगला प्रमुख नीतिगत-प्रशासनिक केंद्र बिंदु बनने की संभावना है।

### • मानसून के कारण भारत के कोयला भंडार में कमी आने पर विद्युत मंत्रालय ने हस्तक्षेप किया

भारी मानसूनी बारिश के कारण भारत के कोयले के भंडार में भारी कमी आई है, जबकि असामान्य रूप से गर्म अल नीनो मौसम के कारण बिजली की मांग में भारी उछाल आया है। ऐसे में बिजली मंत्रालय ग्रिड की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण समूहों से सक्रिय रूप से परामर्श कर रहा है। 25 अगस्त तक के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 45 ताप विद्युत संयंत्र कोयले के बेहद कम भंडार के साथ चल रहे हैं—यानी उनके पास आवश्यक मानक स्तरों के 25 प्रतिशत से भी कम भंडार है या बिजली उत्पादन के लिए तीन दिन से भी कम का ईंधन बचा है। जुलाई के अंत की तुलना में यह स्थिति तेजी से बिगड़ी है, जब 31 संयंत्रों को इसी तरह की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। मौजूदा आपूर्ति संकट का कारण भारी मौसमी बारिश है, जिससे प्रमुख खुली खदानों में बाढ़ आ गई है और महत्वपूर्ण रेल परिवहन मार्ग बाधित हो गए हैं, जिससे ईंधन की आपूर्ति में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो गई हैं।

## प्रशासनिक

### • दिल्ली : सबसे युवा कलेक्टर

दक्षिण दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट, आईएएस लक्ष्य सिंघल, दिल्ली के सबसे युवा जिला मजिस्ट्रेट हैं। 1994 में जन्मे सिंघल एजीएमयूटी कैडर के 2019 बैच से संबंधित हैं।

### • क्या संघमित्रा घोष पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव के रूप में मनोज अग्रवाल की जगह लेंगी

यदि पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल को दूसरा कार्यकाल विस्तार नहीं मिलता है, तो व्यापक रूप से यह माना जा रहा है कि गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव संघमित्रा घोष राज्य की नई मुख्य सचिव होंगी। वह 1997 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

### • राजीव सिंह ठाकुर मणिपुर के मुख्य सचिव नियुक्त

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव सिंह ठाकुर (आरजे:1995) को राजस्थान कैडर से मणिपुर में अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति के बाद मणिपुर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

मणिपुर सरकार द्वारा 1 सितंबर को जारी एक आदेश के अनुसार, ठाकुर मुख्य सचिव (डीपी/कैबिनेट/योजना) का प्रभार संभालेंगे, साथ ही मुख्य सतर्कता आयुक्त और प्रधान निवासी आयुक्त, मणिपुर भवन, नई दिल्ली के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी निभाएंगे।

### • केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड में कोई महिला सदस्य नहीं

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) में कोई महिला सदस्य क्यों नहीं है? सरकार द्वारा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देने के बावजूद, इस पैनल से किसी महिला सदस्य का चयन न होना सवाल खड़े कर रहा है। यहां तक कि सीबीडीटी में भी एक महिला सदस्य नियुक्त की जा चुकी है।

### • केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के अध्यक्ष का कार्यकाल संशोधित

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) में अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति रंजीत वसंतराव मोरे का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष (08.09.2026 तक बढ़ाया गया) से संशोधित करके 5 वर्ष कर दिया गया है।

**रक्षा मंत्री ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित उद्यमियों के कार्यक्रम में कहा....**

# रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई सेक्टर के लिए अपार संभावनाएंः राजनाथ

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, नोएडा :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उद्यमियों के एक कार्यक्रम में कहा कि रक्षा विनिर्माण में भी एमएसएमई सेक्टर के लिए अपार संभावनाएं है। आईडेक्स और अदिति जैसे पहल ने स्टार्ट-अप्स, इनोवेटर्स और एमएसएमई को सशस्त्र बल की जरूरतों के लिए नवोन्मेषी समाधान विकसित करने का मौका दिया है। देश के एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स को रक्षा क्षेत्र को केवल सरकारी खरीद बाजार समझने से बचना होगा।



इसे टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और वैश्विक कारोबार के मौके के रूप में देखना होगा। ड्रोन्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर्स, ऑटोनोमस सिस्टम्स, एडवांस्ड मटेरियल्स, स्पेस, और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भविष्य की संभावनाएं हैं। यहां जल संरक्षण संकल्प के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम के शुभारंभ के तरीके की सराहना की।

तिलपता गांव के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में मंगलवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की 35वीं वार्षिक जनरल मीटिंग, बिजनेस डेवलपमेंट और एमएसएमई अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के 1000 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।रिसोर्स पर बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मंगलवार को डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के सीएमडी के साथ तीन घंटे बैठक की। जहां पता चला कि 16000 एमएमएमई उद्योग डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग से जुड़े हैं। विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। आने वाले समय में यह भूमिका और बढ़ने वाली है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक रूप से मजबूत भारत ही नहीं होगा, बल्कि एक ऐसा भारत है जो विनिर्माण में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होगा। जो टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में अग्रणी होगा। युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगा। एमएसएमई शहरों के साथ-साथ छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक आर्थिक गतिविधियां पहुंचा रहे है। इससे रोजगार पैदा होने के साथ युवा सशक्त हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया एक बहुत ही विश्वसनीय विनिर्माण पार्टनर की तलाश कर रही है। यह भारत के लिए बड़ा अवसर होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत यूएई, यूके, ओमान, स्विट्जरलैंड जैसे अनेक महत्वपूर्ण देशों और यूरोपीय संघ जैसे महत्वपूर्ण ग्लोबल पार्टनर के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। जो एमएसएमई उद्योगों के लिए एक बड़ा अवसर हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि एमएसएमई उद्योगों को केवल घरेलू सप्लायर तक सीमित नहीं रखना है बल्कि ग्लोबल एंटरप्रेन्योर्स बनाना होगा। हमारा लक्ष्य मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया, एंड मेक फॉर द वर्ल्ड होना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल बड़ी कार्यशालाओं से पूरा नहीं होगा, इसके लिए देश के हर छोटे उद्यमी को बड़ा सोचने और बड़ा बनने का अवसर देना होगा। सरकार यह काम कर रही है।

# गौरक्षपीठ में परंपरा, उल्लास से मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## गौरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री आयोजन में होंगे सम्मिलित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद में गोरक्षपीठ में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी) 04 सितंबर शुक्रवार को परंपरा, भव्यता और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में गौरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित होंगे। गोरखनाथ मंदिर में भजनों के बीच भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद, गोरक्षपीठाधीश्वर उनके बालरूप को पालने में झुलाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर में भजन संध्या के साथ बच्चों के लिए श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजय नाथ स्मृति भवन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह के कार्यक्रम शाम 05 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे। बच्चों के लिए श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता के बाद भजन संध्या का आयोजन होगा।

गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बुधवार को बताया कि स्मृति भवन में भजनों की प्रस्तुति रात 11:30 बजे तक अनवरत जारी रहेगी। भजन संध्या के दौरान ही गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में सम्मिलित होंगे। यहां भजन सुनने के साथ ही वह वह बच्चों को खिलौना और चॉकलेट भी देंगे। रात 11.30 बजे गौरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने पहुंचेंगे। रात 12 बजते ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वह मंदिर के गर्भगृह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाएंगे। इसके बाद वह श्रीकृष्ण के बालरूप को पालने में झुलाएंगे।

**दो वर्गों में होगी श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता :** गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में शुक्रवार 04 सितंबर को सायंकाल 05 बजे से 07 बजे तक श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। कान्हा वर्ग में 01 से 05 वर्ष तक तथा गोपाल वर्ग में 06 से 08 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकेंगे।

**काशी आ सकते हैं अमित शाह**

# फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी के स्थायी परिसर का होगा भूमिपूजन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** काशी में अपराध की वैज्ञानिक जांच और फॉरेंसिक शिक्षा को नई दिशा मिलने जा रही है। जाल्हूपुर में गुजरात स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रांजिट कैंपस का संचालन शुरू हो चुका है। पहले बैच की कक्षाएं भी चल रही हैं। अब शहंशाहपुर में 50 एकड़ जमीन पर विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के निर्माण की तैयारी है। सितंबर के दूसरे सप्ताह में इसके भूमि पूजन और जाल्हूपुर ट्रांजिट कैंपस के लोकार्पण का प्रस्ताव है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। उनके काशी आगमन की स्थिति में कार्यक्रम स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, यदि उनका काशी आना संभव नहीं होता है तो वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण और भूमि पूजन कराने के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। स्थायी परिसर के अस्तित्व में आने के बाद काशी और पूर्वांचल के विद्यार्थियों को फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। फॉरेंसिक विज्ञान में विशेषज्ञता हासिल करने वाले युवाओं के लिए अपराध अनुसंधान, प्रयोगशाला, न्यायिक प्रक्रिया और अन्य संबंधित क्षेत्रों में करियर के नए रास्ते खुलेंगे। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को फॉरेंसिक विज्ञान की अत्याधुनिक शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# तिरुपति की तर्ज पर काशी में बनेगा श्रीवेंकटेश्वर मंदिर, 15 एकड़ में होगा निर्माण

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए अब काशीवासियों को 1800 किलोमीटर का सफर तय नहीं करना पड़ेगा। काशी में ही तिरुपति की तर्ज पर श्रीवेंकटेश्वर मंदिर बनाने की तैयारी है। मंदिर के लिए गंगा किनारे करीब 15 एकड़ जमीन प्रस्तावित की जा रही है। डोमरी और रामनगर क्षेत्र में भी जमीन तलाशी जा रही है।

अगले सप्ताह तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की टीम वाराणसी पहुंचकर संभावित स्थलों का निरीक्षण करेगी। इसके बाद जमीन का चयन किया जाएगा। मंदिर परिसर में अस्पताल समेत श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं विकसित करने की योजना है।प्रोजेक्ट से जुड़े एक अफसर के मुताबिक प्रस्तावित परियोजना केवल मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं होगी।

मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं के लिए एक बड़े धार्मिक और सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें अस्पताल भी प्रस्तावित है। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन, प्रसाद, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं को विकसित किए जाने की संभावना है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के मंदिर परिसरों में केवल मुख्य मंदिर ही नहीं होता, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं विकसित की जाती हैं।

तिरुपति बालाजी में आवास, परिवहन, अन्न प्रसाद, कल्याण मंडप, चिकित्सा सुविधाएं और अन्य सेवाएं संचालित हैं। जम्मू में स्थापित तिरुपति मंदिर परिसर में भी मंदिर के साथ सुविधाओं के परिसर, कल्याण मंडप, वेद पाठशाला, छात्रावास और कर्मचारियों के आवास जैसी व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। टीटीडी के पास तिरुमला और तिरुपति में सुपर स्पेशियलिटी और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का नेटवर्क है। काशी में प्रस्तावित मंदिर को देशभर में श्रीवेंकटेश्वर मंदिरों के विस्तार की बड़ी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। टीटीडी ने देश के अलग-अलग राज्यों में मंदिर स्थापित करने की योजना बनाई है। जनवरी 2026 में टीटीडी ने बताया था कि गुवाहाटी, पटना, कोयंबटूर और बेलगावी में मंदिर निर्माण के लिए संबंधित राज्य सरकारों ने जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। गुवाहाटी में यह योजना काफी आगे बढ़ चुकी है। जून 2026 में टीटीडी ने वहां 10.33 एकड़ जमीन पर निर्माण शुरू करा दिया है। कर्नाटक के बेलगावी में करीब सात एकड़ जमीन पर श्रीवेंकटेश्वर मंदिर निर्माण की योजना है। यहां मंदिर को तिरुपति के स्वरूप और पूजा-पद्धति के अनुरूप विकसित करने के साथ आवास, प्रसाद वितरण और 24 घंटे निशुल्क भोजन जैसी सुविधाएं प्रस्तावित की गई हैं। मुंबई के बांद्रा में भी श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के निर्माण के लिए टीटीडी की ओर से निविदा प्रक्रिया चल रही है। टीटीडी की वेबसाइट पर अगस्त 2026 में बांद्रा में मंदिर निर्माण संबंधी निविदा दर्ज है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**
**प्रकरण क्र. 2313/अ-6/2026-27**
**इश्तहार**
आवेदक सरिता गुप्ता आ./पत्नी संदीप सरसे निवासी ग्राम वोरदा कोलार रोड द्वारा ग्राम स्थित खसरा नंबर/प्लाट नंबर 220,221,222 क्षेत्रफल 81.97 वर्गमी पर विक्रयपत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 09/09/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पाश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
**अति. तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**
1479

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)**
**प्रकरण कमांक 0197/अ-6/2026-27**
**भोपाल, दिनाँक 16/07/2026**
**सार्वजनिक इश्तेहार**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आसिफ अली आत्मज शराफत अली निवासी 322 सोनियां गाँधी कॉलोनी ऐशबाग नियर जेनुल मस्जिद सिकंदरी सराय भोपाल द्वारा एक किता मकान नं.-7 कुल क्षेत्रफल 450 वर्गफिट स्थित बाग रानी साहिबा नियर ऐशबाग स्टेडियम नगर भोपाल का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति / इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16-07-26 को जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**नजूल शहर वृत्त,भोपाल**
1478

**कार्यालय नर्मदा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक / डी. आर.बी./ 124, दिनांक 23.12.1978)
**क्रमांक/वा.सा.स./2026/क्यू**
**दिनांक 02.09.2026**
**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**
नर्मदा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20.09.2026, दिन रविवार को स्थान संस्था कालोनी स्थित पार्क, नर्मदा नगर, बावडियाकलां, भोपाल- 462026 पर समय प्रातः 10:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से व्यक्तिशः। साधारण डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है। बैठक में केवल अंशधारी सदस्यों को ही भाग लेने की अनुमति होगी। जिस किसी सदस्य को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो वे इसे ही सूचना-पत्र मानकर बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।
**(शलभ गार्गव)**
**अध्यक्ष**
**नर्मदा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
1477

**कार्यालय सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./806, दिनांक 17.12.1998)
**क्रमांक/2026/क्यू**
**दिनांक : 02.09.2026**
**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**
संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 20.09. 2026, दिन रविवार, समय दोपहर 12.00 बजे स्थान सहयाद्री परिसर पार्क, भदभदा रोड, भोपाल पर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
**(श्रीमती रजनी थपलियाल)**
**अध्यक्ष**
**सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मयादित, भोपाल**
1476

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमप्रकाश दांगी पुत्र श्री रामचरण दांगी आयु वयस्क निवासी-बागडिया खेड़ी, पंचायत मुवालिया दांगी, तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. का निवासी हूं। मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम एवं जन्मतिथि अनुपम दांगी (Anupam Dangi) एवं जन्मतिथि दिनांक 27/04/2012 हैं, जो कि सही है, एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम एवं जन्मतिथि अनुपम (Anupam) एवं जन्मतिथि दिनांक 24/04/2012 दर्ज हो गया हैं जो की गलत है। अब मेरे पुत्र का सही नाम एवं जन्मतिथि अनुपम दांगी (Anupam Dangi) एवं जन्मतिथि दिनांक 27/04/2012 से जाना व पहचाना जावें एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम एवं जन्मतिथि यही है, जो कि सत्य व सही है।
पुराना नाम/जन्मतिथि
अनुपम (Anupam) एवं जन्मतिथि
एवं 24/04/2012
**नया नाम/जन्मतिथि**
**अनुपम दांगी (Anupam Dangi)**
**जन्मतिथि दिनांक 27/04/2012**
1475

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में आदर्श चौधरी पुत्र श्री मदन लाल चौधरी (Aadarsh Choudhary S/o Shri Madan Lal Choudhary) निवासी C 881, राजा भोज बीडीए कॉलोनी, गोदरमउ, भोपाल (म.प्र.) मेरे, आधार कार्ड, पेन कार्ड, व अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम आदर्श चौधरी हैं। त्रुटिवंश मेरी कक्षा 12th स्कूल मार्कशीट में मेरा नाम आदर्श कुमार चौधरी (Adarsh Kumar Choudhary) अंकित हो गया, जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों मे मेरा नाम आदर्श चौधरी (Aadarsh Choudhary) अंकित हैं। वर्तमान में मुझे आदर्श चौधरी (Aadarsh Choudhary) के नाम से संबोधित किया जाता हैं। उपरोक्त नाम मेरे ही हो कर एक व्यक्ति के हैं, भविष्य में मुझे आदर्श चौधरी (Aadarsh Choudhary) नाम से जाना पहचाना जाये, पढा लिखा जाये।
**अतः सर्वसाधारण को सूचित हों**
**पुराना नाम: (आदर्श कुमार चौधरी)**
**(Adarsh Kumar Choudhary)**
**नया नाम : आदर्श चौधरी**
**(Aadarsh Choudhary)**
1474

फॉर्म नंबर 4 सूचना/प्रकाशन हेतु
**न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़**
द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, भारत संचार निगम लिमिटेड बिल्डिंग, प्रधान डाकघर के पास, सिविल लाइंस, जबलपुर म.प्र. 482001
(ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम 1993 (प्रक्रिया) की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत नियम 5 के उपनियम 2ए के साथ पढा जाए)
**मूल आवेदन संख्या - 540/2022**
बैंक ऑफ महाराष्ट्र _______ आवेदक
विरूद्ध
मेसर्स आर. के. इंडस्ट्रीज _______ अनावेदकगण
सेवा में, मेसर्स आर. के. इंडस्ट्रीज, जिसके प्रोपराइटर रमाकांत वर्मा (स्वर्गीय) थे, उनके कानूनी वारिसों के माध्यम से - अ. स्वर्गीय रमाकांत वर्मा के पिता, हेमराज वर्मा।
ब- स्वर्गीय रमाकांत वर्मा की माता, श्रीमती सरजू वर्मा।
दोनों का पता- 888/6, वार्ड नंबर 7, संतोष नगर, मंडीदीप, रायसेन, म.प्र.
और यह पता भी- म.नं. 19, वार्ड नंबर 1, महावीर नगर, फेज 2, मंडीदीप, भोपाल, म.प्र.
जबकि ओ.ए. संख्या 540/2022 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष दिनांक 06/05/2022 को सूचीबद्ध किया गया था।
जबकि माननीय न्यायाधिकरण को उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत समन / सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। यह ओ. ए. आपके विरुद्ध मात्र **51,12,080.00/-** रूपये की ऋण वसूली के लिये दायर किया गया है।
अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के अनुसार, आप अनावेदकों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं कि -
1. समन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिये।
2. मूल आवेदन के कमांक 3ए में निर्दिष्ट संम्पत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें।
3. संपत्तियों की कुर्की के आवेदन की सुनवाई और निपटारे तक, आपको मूल आवेदन के कमांक 3ए में प्रकट की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेनदेन करने या उनका निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
4. आप अधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के अलावा बिक्री पट्टे या किसी अन्य माध्यम से उन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे जिन पर सुरक्षा हित सृजित है और / या मूल आवेदन के कमांक 3ए में निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
5. आप सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय राशि का हिसाब देने के लिये उत्तरदायी होंगे और ऐसी विक्रय राशि को उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक में रखे गये खाते में जमा करेंगे।
6. आप आवेदक को दी गई आवेदन की प्रति सहित लिखित बयान दाखिल करने और **11/02/2027** को सुबह 10:30 बजे जबलपुर स्थित माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, अन्यथा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा।
इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर और मुहर के तहत दिनांक **21/08/2026** को जारी किया गया।
रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर (म. प्र.)

# आपका राशिफल 03 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग- जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9